Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to undertake electrification of villages in Valmikinagar Parliamentary Constituency, Bihar-laid.

श्री सुनील कुमार (वाल्मीकि नगर): मैं सरकार का ध्यान अतिमहत्वपूर्ण विषय वाल्मीकिनगर लोक सभा क्षेत्र अंतर्गत दोन क्षेत्र में "दीन दयाल ग्रामीण विद्युतीकरण योजना से दोन वासियों को लाभान्वित करने के संबंध में आकृष्ट कराना चाहता हूं, मेरे लोक सभा क्षेत्र में थारू जनजाति के अधिकांश लोग दोन में रहते हैं (दोन नदियों और जंगलों से घिरा हुआ भू- भाग है), इनकी आजीविका का मुख्य साधन कृषि है । दोन क्षेत्र में विद्युतीकरण अभी तक नहीं हुआ है । बिहार सरकार द्वारा सौर ऊर्जा प्लांट लगाकर वैकल्पिक बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की गई है जिससे गांव में कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति की जाती है जो कि पर्याप्त नहीं है । पर्याप्त मात्रा में बिजली ना होने की वज़ह से ये लोग आज भी प्राचीन काल की तरह जीवन जीने के लिए विवश है तथा जंगली जानवरों का खतरा बरकरार रहता है एव कई बार जंगली जानवर ग्रामीण इलाको में प्रवेश कर जान माल की क्षति पहुचाते हैं|

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि वाल्मीकिनगर लोक सभा क्षेत्र अंतर्गत पिछड़ा क्षेत्र दोन में "दीन दयाल ग्रामीण विद्युतीकरण योजना" से विद्युतीकरण करके इस क्षेत्र के लोगों को लाभान्वित करे जिससे ये लोग विकास की मुख्य धारा से जुड़ सके ।